

# भाजपा ने घोषित की जिला कार्यकारिणी



## 20 सदस्यों को किया शामिल लंबे इंतजार के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने जारी की सूची

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26सितम्बर।** भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है, इस कार्यकारिणी में 20 सदस्यों को शामिल किया गया है। जिसमें सभी जाति वर्ग को साध गया है, वहीं विजयपुर के गुडडू जादौन को दोबारा जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा की गई सूची में सात जिला उपाध्यक्ष और सात जिला मंत्री बनाए गए हैं, दो जिला महामंत्रियों की नियुक्ति की गई है।लंबे समय से कार्यकारिणी की घोषणा का इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं के बीच अब यह स्पष्ट हो गया है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व आगामी चुनावों की तैयारी में जुट गया है। जिला महामंत्री बनने के बाद पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया है।

### कार्यकारिणी में इनको किया शामिल

भाजपा द्वारा जारी की गई सूची में दो जिला महामंत्रियों के अलावा हरिसिंह मीणा, परीक्षित धाकड़, जगदीश मिश्रा, सरोज तोमर, राघवेंद्र सिंह जाट, महावीर मित्तल, पूर्व नपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर को उपाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं नरेंद्र मीणा, रमा वैष्णव, भीमराज सुमन, इंद्रजीत गुर्जर, कविता आर्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गुड ्डी बाई, मेहरवान सिंह यादव को जिला मंत्री बनाया गया है। जबकी सुमित सिंहल को कोषाध्यक्ष, अखिलेश शर्मा को सह कोषाध्यक्ष, दिनेश राजदुबोलिया को कार्यालय मंत्री, नकुल सोनी को जिला सह कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

# माता के दरबारों में उमड़ रही भक्तों की भीड़





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,27 सितम्बर ।** शारदीय नवरात्रा पर्व को लेकर गुरूवार की रात शहर में सजाए गए मातारानी के दरबार और मंदिरों में दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। भक्त रोजाना रात को आरती के समय मां के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वहीं शहर के एतिहासिक व प्राचीन मंदिरों पर भी सुबह-शाम दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

शहर में इन दिनों नवरात्रि पर्व की धूम मची हुई है। देर रात करीब 9 से दस बजे के बीच जैसे ही आरती के समय पट खुलते हैं। मातारानी के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच जाते हैं। गुरूवार की रात दस बजे के बाद शहरवासी माता के दर्शनों के लिए पहुंचते रहे। शहर में दो दर्जन अधिक स्थानों पर माता के दरबार सजाए गए हैं। माता के दरबारों में आकर्षक रोशनी और रंगीन लाइटों से सजावट की गई है। सप्तमी, अष्टमी को को माता के दरबार में अधिक संख्या में भक्तों की भीड़ रहेगी।

### वार्ड 10 में माता के दरबार में सजी झांकी

शहर के पालीरोड स्थित वार्ड क्रमांक 10 में नवयुवक भक्त मंडल द्वारा मातारानी का भव्य दरबार सजाया गया है। माता के दरबार में रोजाना विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार की रात मां कंकाली की झांकी सजाई गई। जिसमें कलाकरों ने बहुत मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

### पदयात्रियों का उमड़ा सैलाब, जगह-जगह लगे सेवा पंडाल

मां विजयासन धाम सलकनपुर पहुंचने वाले पद-यात्रियों का सैलाब उमड़ पड़ा है. गर्मी पर आस्था का सैलाब भारी पड़ रहा है. प्रतिदिन सैकड़ों पद यात्री मां विंध्यवासनी के दरबार में पहुंच रहे हैं. सुबह से लेकर शाम तक शाम से लेकर रात तक सड़क पर सिर्फ पद यात्री ही नजर आ रहे हैं. नगर में पदयात्रियों के लिए जगह-जगह सेवा पंडाल लगाए गए हैं. इसी प्रकार बस स्टेण्ड चौराहा, शनि मंदिर के पास समाजसेवियों द्वारा विशाल लंगर का आयोजन किया गया है. यात्रियों को फलाहारी नमकीन, खिचड़ी, केला, फल, चाय, छाछ, खीर एवं शाम को भोजन की व्यवस्था की गई हैं. सेवा पंडाल में शैलेश शर्मा, अभिजीत मालवीय, सोनू यादव, निखिल पालीवाल, प्रवीण तिवारी, सचिन विश्वकर्मा, राहुल शर्मा, चिंटू शर्मा, पुनीत मालवीय, प्रभु कुशवाहा, संजय चौहान आदि कार्यकर्ता सेवा में लगे हुए हैं.

# सीता हरण का विलाप देखकर भावुक हुए श्रद्धालु

## श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर चल रही रामलीला का नौवां दिन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26सितम्बर।** श्योपुर नगर के श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर चल रही रामलीला के नौवें दिन गुरूवार की रात नक्कटैया, खर दूषण वध और सीता हरण के लीला का जीवंत मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला में सीता हरण मंचन के दौरान राम विलाप को देखकर दर्शक भी भावुक हो गए। सूर्पणखा के नाक-कान काटने के प्रसंग ने लोगों को हंसने पर मजबूर किया। मंच पर खर-दूषण व मारीच वध ने दर्शकों को रोमांचित किया। हनुमान मंदिर में चल रही रामलीला में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र पंचवटी पहुंचकर सुंदर सी कुटिया का निर्माण करते हैं और लक्ष्मण जी को ईश्वर और जीव के बीच का भेद का वर्णन सुनाते हैं। उसी समय रावण की बहन सूर्पणखा वहां आ जाती है। प्रभु श्री रामचंद्र को देखकर सूर्पणखा मोहित हो जाती है और रामचंद्र जी से विवाह का प्रस्ताव रखती है।

रामचंद्र जी उसे लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। लक्ष्मण भी विवाह करने से मना कर देते हैं। क्रोध में आकर सूर्पणखा अपना भयंकर रूप धारण करके सीता को डराती और धमकाती है। गुस्से में आकर लक्ष्मण जी सूर्पणखा के नाक और कान काट लेते हैं। सूर्पणखा रोती बिलखती खर-दूषण के पास पहुंचती है और उन्हें सारा हाल बताती है। खर-दूषण सेना सहित श्रीरामचंद्र से युद्ध करने के लिए पहुंचते हैं। श्रीरामचंद्र जी माता सीता को अग्नि में प्रवेश करा देते हैं। खर-दूषण पर भी रामचंद्र जी ने एक माया का बाण चलाया। जिससे उसे एक दूसरे में राम ही राम दिखने लगे।

# मां-बेटी को पीटने पर हिंदूवादी संगठनों ने की गिरफ्तार करने की मांग

## कोतवाली थाने का किया घेराव

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26सितम्बर।** सिटी कोतवाली के पीछे गुरुवार शाम को एक कार चालक ने बाइक को टक्कर मारने के बाद परिवार के साथ मारपीट की। नयाबांस मोहल्ला की रहने वाली सोनम वर्मा ने बताया कि वह अपने भाई जगदीश के साथ घर के बाहर बैठी थी। इस दौरान अकरम नाम के व्यक्ति ने उनके साथ गालीगलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर आरोपी ने सोनम और उसके भाई जगदीश से मारपीट भी की। बीच-बचाव करने आई मां लक्ष्मी बाई को भी चोटें आई है। आरोपी ने तीनों को लात-घूसों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। हमले में तीनों को चोटें आई। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली परिसर में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता पहुंच गए। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। एसडीओपी राजीव गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। तीनों घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक धाराएं जोड़ी जाएंगी। पुलिस आरोपी अकरम खान की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# गांजे की तस्करी में आरोपी गिरफ्तार, 1 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ जब्त



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,26सितम्बर।** पुलिस अधीक्षक श्योपुर सुधीर अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी विजयपुर राघवेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में गसवानी पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बिनेगा क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजे की तस्करी कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी गसवानी उपनिरीक्षक रीना राजावत पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचीं और मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध को रोका। तलाशी लेने पर आरोपी की पहचान हरिकिशन पुत्र रामशिरोमणि धाकड़ (45) निवासी सहसराम के रूप में हुई। आरोपी के पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रीना राजावत के साथ प्र.आर. 383 देवेंद्र गुर्जर, आर. 86 रंजीत, आर. 242 शिवजी रावत, आर. 454 मोहन डांगी और आर. 221 हरीशचंद्र धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही।



# स्कूल की मांग को लेकर आवेदन दिया

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,26सितम्बर।** बीआरसीसी ने कहा शिक्षा का दीपक विकास खंड के अंतिम छोर तक भी हम जलायेंगे। आवेदन देने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश धाकड़, फरारा सरपंच बालकृष्ण धाकड़ भाजपा मंत्री अवधेश शर्मा , मंत्री हाकिम सिंह तोमर, जगदीश धाकड़ । इस अवसर पर आवेदन पत्र प्राप्त कर्ता बीआरसीसी अशोक शर्मा, बीएसी अनिल बंसल, विनोद अवस्थी, करन सिंह बरेलिया, मौजूद रहे। बीएसी अनिल बंसल जी ने आश्वस्त किया कि आपके साथ ही ल्हौसघानी का प्रकरण भी संज्ञान में है, वहां भी नवीन स्कूल स्थापित करने के लिए कलेक्टर साहब के संज्ञान में लाया जाएगा। दौनों गांव बड़े गांव है किन्तु कोई स्कूल नहीं होने के कारण हमारे नन्हें मुन्ने बच्चे दूसरे गांवों में जाने के लिए मजबूर हैं।

# 176 महिलाओं सहित 268 रोगियों की जांच



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 26 सितंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसराम पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तरीय मेडिकल दल द्वारा 176 महिलााओं सहित 268 रोगियों को उपचार प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 18 यूनिट रक्त का संग्रहण भी हुआ। मेडिकल दल में शामिल डॉ एआर करोरिया मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ संजय मंगल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ अंजू डगोलिया स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ राधिका मित्तल दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ नीरज माहौर नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में कुल 176 महिलाओं की जाँच की गई उनमें शामिल 82 गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांचा गया तथा एनीमिक 11 गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज लगाया गया, 10 महिलाओं की एक्सरे जाँच की गई और इसके अतिरिक्त अन्य गंभीर बीमारियों का उपचार किया गया।

# इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी दोस्ती, मुंबई से प्रेमी से मिलने श्योपुर पहुंची युवती

## पुलिस ने पूछताछ के बाद परिजनों को किया सुपुर्द

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26सितम्बर।** श्योपुर में एक 18 वर्षीय मुंबई की युवती इंस्टाग्राम पर बनी दोस्ती के लिए 1100 किलोमीटर का सफर तय कर पहुंची। युवती की दोस्ती श्योपुर के बलावनी गांव के एक युवक से इंस्टाग्राम पर हुई थी।

युवती ने बिना परिवार को बताए ट्रेन से कोटा तक का सफर किया। वहां से बस में सवार होकर श्योपुर पहुंची। पकड़े जाने के डर से वह अपना मोबाइल फोन साथ नहीं लाई। श्योपुर बस स्टैंड पर एक दुकानदार के फोन से उसने प्रेमी को कॉल किया। प्रेमी ने फोन नहीं उठाया। युवती घंटों तक बस स्टैंड पर प्रेमी का इंतजार करती रही। कुछ समय बाद उसी नंबर से कॉल आया। दुकानदार ने फोन उठाया और युवती के बारे में पूछताछ की। युवती ने कोई जवाब नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस युवती को थाने ले गई और बाद में उसके परिजनों को सौंप दिया।

### मामा की शादी के दौरान हुई थी मुलाकात

युवती ने बताया कि बलावनी गांव में उसके मामा है। ढेड़ साल पहले वह मां पिता के साथ मामा की शादी में गांव आई हुई थी, इस दौरान उसकी दोस्ती गांव के युवक से हो गई। इसके बाद उसकी बातचीत इंस्टाग्राम के माध्यम से होती रही,फिर मोबाइल से भी बातचीत होने लगी। एक सप्ताह पहले ही मुलाकात को लेकर श्योपुर आने की बात हुई है, इसी के चलते वह श्योपुर आई है।

### परिजनों को सुपुर्द किया

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश चौहान ने बताया कि शुरुआत में लड़की डर की वजह से कहानी बदल रही थी। उसने कहा कि वह अपने मौसा से झगड़ा करके आई है, लेकिन बाद में उसने स्वीकार किया कि वह अपने प्रेमी से मिलने ही आई थी। लड़की से नंबर लेकर उसके मामा के लड़के को बुलवाया, लेकिन उसे उसके साथ नहीं भेजा। कहीं मामा का लड़का बनकर कोई और न आ गया हो। ग्वालियर में रह रहे मां-बाप को खबर दी। इसके बाद परिजन श्योपुर आए, और पुलिस ने पूरी तस्दीक करने के बाद ही लड़की को उनके सुपुर्द किया गया।



### श्रमदान कर राय ने दिया स्वच्छता का संदेश

**सीहोर.** सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के ग्राम पाटन में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया. उन्होंने ग्रामीणों को भी अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया और आव्हान किया कि वह कचरा सड़क पर न फैंके. इस अवसर स्कूल की बालिकाओं द्वारा स्वच्छता समूह गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया. इसके साथ ही ग्राम पाटन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे.

# झूठी एफआईआर के विरोध में कलेक्ट्रेट का घेराव



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,26सितम्बर।** जिला अस्पताल में डाक्टर के साथ धक्कामुक्की करने के मामले में जनपद अध्यक्ष पति पर की गई एफआईआर का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना के विरोध में शुक्रवार को सैकड़ों लोगों ने अस्पताल की अव्यवस्थाओं, भ्रष्टाचार और कथित झूठी एफआईआर पर पैदल मार्च निकालकर कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

दोपहर करीब तीन बजे स्टेडियम परिसर से शुरू हुआ यह मार्च कलेक्ट्रेट पहुंचा। कलेक्ट्रेट पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि 20 सितंबर की रात जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में मरीज रीना आशीष मीणा के इलाज में लापरवाही, प्रबंधन के दुर्व्यवहार और ड्यूटी पर तैनात आरक्षक सुरेंद्र सिंह के शराब के नशे में प्रवेश का मुद्दा उठाया गया। नागरिकों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने अपनी कमियों को छिपाने और जनता की आवाज दबाने के लिए दो दिन बाद झूठी एफआईआर दर्ज कराई। इसमें मरीज के परिजनों आशीष मीणा और रीना के देवर सहित 4-5 लोगों को बेवजह आरोपी बनाया गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ पहले भी शिकायतें आती रही हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। कई बार डॉक्टर ड्यूटी से नदारद रहते हैं और विरोध करने वालों को झूठे मुकदमों में फंसाने का प्रयास किया जाता है। नागरिकों ने इस एफआईआर की निष्पक्ष जांच, दोषी अस्पताल प्रबंधन और आरक्षक सुरेंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सिविल सर्जन आर.बी. गोयल की भूमिका पर भी सवाल उठाए। इस दौरान में विधायक बाबू जंडेल, जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नीटू सिकरवार और दौलतराम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन की प्रतियां गृह मंत्री, पुलिस महानिदेशक और आईजी ग्वालियर चंबल रेंज को भी भेजी गई हैं।

### विधायक ने किया स्वदेशी उत्पाद मेले का निरीक्षण

सीहोर. विधायक सुदेश राय ने सेवा पखवाड़ा के तहत गीता मानव भवन में आयोजित मेले में स्व सहायता समूह की दीदियों एवं शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा लगाए गए स्वदेशी उत्पादों और सामग्रियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया.

# थाना आष्टा और दोराहा को मिला आईएसओ अवार्ड

**नवभारत न्यूज**
**आष्टा 26 सितंबर.** जिले के थाना आष्टा एवं थाना दोराहा को उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और बेहतर पुलिसिंग सेवाओं के लिए आईएसओ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. यह सम्मान शुक्रवार को कार्यक्रम में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में दिया गया.

इस अवसर पर पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे. पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस उपलब्धि को पुलिस विभाग की पारदर्शी कार्यशैली, अनुशासन, आमजन से संवेदनशील व्यवहार और अपराध नियंत्रण में सतत प्रयासों का परिणाम माना गया. यह सम्मान पुलिस टीम के सामूहिक प्रयास और जनता के सहयोग की बदौलत मिला है.

**पुतला दहन** मंत्री विजयवर्गीय के बयान को निंदनीय बताकर कांग्रेस ने फूंका पुतला

# भाजपा के शासन में किसान व आमजन हो रहे परेशान : गुजराती

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 26 सितंबर.** भाजपा सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार, महंगाई, आमजन किसानों को परेशान किया जा रहा है. वहीं भाजपा नेताओं द्वारा की जा रही अर्नगल बयानबाजी भाजपा का असली चेहरा उजागर कर रही है.

शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कोतवाली चौराहे पर कैलाश विजयवर्गीय एवं भाजपा के खिलाफ नारेबाजी कर विजयर्गीय का पुतला दहन किया. तत्पश्चात भाजपा सरकार द्वारा भारी भरकम जीएसटी में नाममात्र की कमी कर उत्साह मनाए जाने पर व्यापारियों से डोर टू डोर पहुंचकर जीएसटी के संबंध में चर्चा की गई. जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि भाजपा नेता कैलाश विजयर्गीय द्वारा भाई-बहन जैसे पवित्र रिश्ते पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर भाजपा नेता साबित करते हैं कि उनके लिए महिला स मान सिर्फ ढोंग है. माता रानी इन्हें सद्बुद्धि दें.

कांग्रेसजनों द्वारा व्यापारियों से चर्चा करते हुए बताया कि एक तरफ जहां भाजपा सरकार द्वारा ताबड़तोड़ महंगाई बढ़ाकर जनता की खून पसीने की कमाई को आड़े हाथों चंद उद्योग पतियों की झोली में डाल दी गई और अब नाम मात्र जीएसटी कम करके मरहम लगाई जाने की कोशिश की जा रही है.

उन्होंने कहा कि 28 प्रतिशत टैक्स के माध्यम से जनता को आठ साल तक लगातार लूटने के बाद अब भाजपा सरकार ने भी मजबूरी में जीएसटी की दरों में कटौती की है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेता बचत उत्सव के नाम पर प्रचारित कर रहे हैं. सच्चाई यह है कि आठ सालों में मोदी सरकार आम जनता से लूट का उत्सव चला रही है. इस लूट के उत्सव को बचत का उत्सव बताना वास्तव में झूठ का उत्सव मनाना है.

श्री गुजराती ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 11 नवंबर 17 को कहा कि भारत को गब्बर सिंह टैक्स नहीं, सरल जीएसटी चाहिए. कांग्रेस और देश की जनता ने लड़कर कई वस्तुओं पर 28 प्रतिशत टैक्स खत्म करवाया है. 18 प्रतिशत केप के साथ एक रेट के लिए



हमारा संघर्ष जारी रहेगा. अगर भाजपा ये काम नहीं करेगी, तो कांग्रेस करके दिखाएगी.

इस अवसर पर ओमदीप, विष्णु प्रसाद राठौर, महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, हरीश राठौर, जफर लाला, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, डॉ. अनीस खान, राजेश भूरा यादव, मजीद अंसारी, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, रामनारायण शर्मा, देवीसिंह थरोड़, प्रेम नारायण परमार, हफीज चौधरी, हरीश आर्य आदि मौजूद थे.



# आदिशक्ति को प्रसन्न करने का माध्यम गरबा

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 26 सितंबर.** गुलाब विहार में गरबा महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी श्रीमती अरूणा राय ने किया.

बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र मां दुर्गा की भक्ति और उनसे शक्ति अर्जित करने का महापर्व है. गरबा नृत्य के माध्यम से आदिशक्ति को सरलता से प्रसन्न किया जा सकता है. इस मौके पर विधायक सुदेश राय भी उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि इतनी बालिकाओं को माता के दरबार में लाना बड़ी बात है. न विधायक सुदेश राय व श्रीमती अरूणा राय ने मातारानी की पूजा-अर्चना कर सभी को मातारानी से शक्ति, सद्बुद्धि एवं सामर्थ्य प्रदान करने की प्रार्थना की.

### गाय से टकराकर बाइक सवार गंभीर घायल

**बुधनी.** थाना अंतर्गत मिडघाट पर बीती रात को औबेदुल्लागंज से सलकनपुर जा रहा बाइक सवार गाय से टकराकर गंभीर घायल हो गया. राहगीरों ने 112 को घटना की सूचना दी. घायल युवक को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया.जानकारी अनुसार घायल बाइक सवार की पहचान ओबेदुल्लागंज निवासी 30 वर्षीय विकास भदोरिया आ. हुकुम सिंह के रुप में हुई है. वहीं घटनास्थल पर मृत गाय मिली थी, घटना को लेकर राहगीरों की मानें तो इसी से टकराकर बाइक सवार घायल हुआ है. गौरतलब है कि बारिश में सड़कों पर मवेशियां खड़े देखे जाते हैं. इनके कारण अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं.